# जमरानी बहुउद्देशीय परियोजना का कार्य समय पर शुरु हो

## निर्देश

समयबद्ध कार्यक्रम में शुरू करने की अपेक्षा की

**संवाददाता**



एडी.बी कन्सलटेन्ट मिशन के अधिकारियों का दल मुख्य सचिव से मुलाकात करते हुए।

देहरादून। मुख्य सचिव से ए.डी.बी. कन्सलटेन्ट मिशन के अधिकारियों ने सचिवालय सभागार में मुलाकात की। मुख्य सचिव ने मिशन से चर्चा के दौरान जमरानी पेयजल बहुउद्देशीय परियोजना समयबद्ध कार्यक्रम में शुरू करने की अपेक्षा की तथा मुख्य सचिव ने जमरानी पेयजल बहुउद्देशीय परिसर का शीघ्र एक वन्य जीव सर्वे कराने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए। मिशन के मुखिया अर्नाड कॉचोइस, प्रिंसीपल वाटर रिसोर्सेस स्पेस्लिस्ट ने बताया कि उनके दल द्वारा परियोजना स्थल का भ्रमण किया गया तथा अधिकारियों से वार्ता भी की गई, मिशन द्वारा परियोजना के डूब क्षेत्र मुरकुडिया गांव का भ्रमण किया गया तथा परियोजना से प्रभावित परिवारों से चर्चा की गई, उन्होंने बताया कि परियोजना के क्रियान्वयन एवं परियोजना के तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा परियोजना के क्रियान्वयन एवं पुनर्वास के संबंध में जिलाधिकारी, नैनीताल से विस्तार से चर्चा की गई एवं ए.डी.बी. मिशन द्वारा गोला बैराज बांध कार्यस्थल, कैचमेन्ट एरिया का भ्रमण किया गया।

ज्ञातव्य है कि जमरानी पेयजल बहुउद्देशीय परियोजना के अन्तर्गत हल्द्वानी शहर में गोला नदी पर 130.60 मी. ऊँचा बांध बनाया जाना है। उक्त परियोजना से हल्द्वानी शहर को 117 एम.एल.डी पेयजल सुविधा, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश राज्यों के 1,50,027 है. क्षेत्रफल में सुनिश्चित सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी तथा 14 मेगावाट विद्युत उत्पादन होगा। तथा उक्त परियोजना हेतु समस्त वांछित स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी हैं, तथा परियोजना के बाह्य सहायतित परियोजना के रूप में एशियन डेवलपमेन्ट बैंक के माध्यम से क्रियान्वयन पर दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 को सहमति दी गई है। अर्नाड ने बताया कि ए.डी.बी कन्सल्टेशन मिशन द्वारा दिनांक 17 फरवरी से चार दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम किया गया। जिसमें परियोजना स्थल का भ्रमण अधिकारियों एवं परियोजना के डूब क्षेत्र के गांव मुरकुडिया एवं परियोजना से प्रभावित होने वाले परिवारों से भी चर्चा की गई। मिशन द्वारा गोला बैराज बांध कार्य स्थल एवं कैचमेंन्ट एरिया का भी भ्रमण किया गया।


ए.डी.बी. कन्सल्टेन्ट मिशन के प्रतिनिधि मण्डल में प्रिंसीपल वाटर रिसोर्सेस स्पेस्लिस्ट एस.ए.ई.आर अर्नाड काउचोइस, ऐसोसिएट एनवार्यमेंट आफिसर, एस.ए.ई.आर बार्नडो एंजेलिस, वाटर रिसोर्स स्पेशलिस्ट, एस.ए.ई.आर मैरी एल. हॉस्टिस, एनवार्यमेंट स्पेशलिस्ट, एस.डी.एस.एस, फ्रांसिस्को रिकिआर्डी, ऐसोसिएट प्रोजेक्ट ऑफिसर, क्रिशन एस. रौतेला शामिल थे।


## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## 22, 24, एवं 26 फरवरी को डीएम की अध्यक्षता में होंगी बैठकें

**(संवाददाता)** देहरादून। जनपद में 22, 24, एवं 26 फरवरी को विभिन्न स्थलों पर जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठकों का आयोजन किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को प्रातः 11 बजे से हिमज्योति स्कूल सहस्त्रधारा रोड में आगामी परिषदीय परीक्षा–2020 के सफल संचालन लिए प्रधानाचार्यों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं कैस्टोडियनों के साथ बैठक तथा सांय 3 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में बेटी पढाओ– बेटी बचाओ अभियान के जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की जायेगी। 24 फरवरी को कलैक्ट्रेट सभागार में 3 बजे डेंगू के प्रभावशाली नियंत्रण के अलावा यहीं पर सांय 5 बजे जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित होगी। 25 फरवरी को कलैक्ट्रेट सभागार में सांय 3 बजे शिकायतों के निस्तारण तथा 4 बजे जिला स्तरीय सलाहकार समिति धजिला स्तरीय समीक्षण समिति डीएलआरसी डीसीसी की बैठक सम्पन्न होगी। इसके अतिरिक्त 26 फरवरी को सांय 03 बजे कलैक्ट्रेट में जिला योजना, राज्य योजना, केन्द्र पोषित वाहय सहायतीत योजनाओं में अभी तक की व्यय की गयी धनराशि के आलावा भौतिक सत्यापन आदि पर भी चर्चा की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से उनसे सम्बन्धित बैठकों में पूर्ण तथ्यात्मक जानकारियों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये।

# सिक्योरिटी गार्ड और गनमैन को बंधक बनाकर लाखों का सामान लूटा

पुलिस बदमाशों की कर रही है तलाश

**संवाददाता**

हरिद्वार। हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने निर्माणाधीन बिजली घर में तैनात सिक्योरिटी गार्ड और गनमैन को बंधक बनाकर लाखों का सामान लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने दोनों से मारपीट भी की और गनमैन की लाइसेंसी रायफल भी लूट ले गए। शोर सुनकर पहुंचे राहगीरों ने दोनों को बंधनमुक्त कर घटना की सूचना पुलिस को दी। आनन–फानन में एसएसपी और एसपी देहात मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

भगवानपुर क्षेत्र स्थित सिकंदरपुर के पास पद्मावती कंपनी बिजली घर का निर्माण करवा रही है। सामान की देखभाल के लिए कंपनी ने सिक्योरिटी गार्ड सचिन कुमार और गनमैन भोपाल चौधरी को रखा है। बुधवार रात दोनों बिजली घर में ड्यूटी कर रहे थे। रात करीब एक बजे बाइकों पर सवार होकर आए हथियारबंद नकाबपोश बदमाश बिजली घर में जा घुसे। हथियारों के बल पर उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड और गनमैन को बंधक बना लिया। विरोध करने बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और दोनों के मोबाइल छीनकर एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने बिजली घर से कीमती उपकरण कट्टों में भर लिए और बाइकों पर सामान लादकर फरार हो गए। जाते जाते उन्होंने गनमैन की रायफल भी छीन ली।

बृहस्पतिवार सुबह शोर सुन राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों को कमरे से बाहर निकाला और घटना की सूचना पुलिस को दी। एसओ संजीव थपलियाल तुरंत मौके पर पहुंच गए। वहीं, कुछ ही देर में एसएसपी सेंथिल अबूदई कृष्णराज एस, एसपी देहात एसके सिंह और सीओ मंगलौर डीएस रावत भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी गनमैन और गार्ड से घटना की जानकारी ली। प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड और गनमैन ने बताया है कि बदमाश तीन बाइकों से आए थे जबकि पुलिस का कहना है कि दो बाइकों से आए थे। फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। साथ ही आसपास के लोगों से जानकारी ली।



कुम्भ मेला ड्यूटी प्रशिक्षण सत्र के दौरान भारत माता मंदिर में मौजूद पुलिस बल को संबोधित करते वक्ता।

## कुम्भ मेला ड्यूटी प्रशिक्षार्णियों को भारत माता मंदिर का भ्रमण कराया गया

**(संवाददाता)** हरिद्वार। कुम्भ मेला 2021 के दृष्टिगत सशस्त्र प्रशिक्षण केंद्र हरिद्वार में पुलिस उप महानिरीक्षक नीरू गर्ग के निर्देशन में प्रचलित कुम्भ मेला ड्यूटी प्रशिक्षण सत्र पंचम के प्रशिक्षणार्थियों को सायंकालीन भ्रमण सत्र के दौरान भारत माता मंदिर ले जाया गया। सुरजीत सिंह पंवार, उपसेनानायक सशस्त्र प्रशिक्षण केंद्र हरिद्वार एवम प्रकाश देवली, पुलिस उपाधीक्षक कुम्भ मेला द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का भारत माता मंदिर के पदाधिकारियों से परिचित कराया गया। परिचय के उपरांत उक्त पुलिस अधिकारीगण एवम भारत माता मंदिर के पदाधिकारियों द्वारा एक दूसरे का औपचारिक रूप से सम्मान किया गया। उक्त सम्पूर्ण सत्र में 173 प्रशिक्षणार्थियों सहित में भारत माता मंदिर संस्था के मंहत ललितानंद गिरी महाराज, सुरजीत सिंह पंवार उपसेनानायक सशत्र प्रशिक्षण केंद्र हरिद्वार, प्रकाश देवली पुलिस उपाधीक्षक कुम्भ मेला, उ0नि0 नवल गुप्ता, उ0नि0 नवीन डंगवाल आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों ने दिया, वसुंधरा को स्वच्छ रखने का संदेश

**(संवाददाता)** देहरादून। वसुंधरा को स्वच्छ रखने का संदेश देते हुए मानव भारती स्कूल में दो दिवसीय वसंतोत्सव का समापन हो गया। महोत्सव में बच्चों ने विविधता को बनाए रखने की अपील करते हुए विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के गीत, नृत्य प्रस्तुत किए। मानवभारती स्कूल परिसर में वसंतोत्सव के दूसरे दिन वसुंधरा की पुकारश नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि धरती, सूरज, चांद, नदियां, मिट्टी, पेड़ पौधे प्रकृति के उपहार हैं, इनको नुकसान पहुंचाकर हम सभी अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। पर्यावरण को बचाने की पहल हमें स्वयं से करनी होगी। सड़क पर कूड़ा फेंकने, पेड़ों को नुकसान पहुंचाने, हवा को दूषित करने का मतलब है कि हम अपने जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। इससे पहले मुख्य अतिथि नीना पंत, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुशील कुमार सिंह, मानवभारती के निदेशक डॉ. हिमांशु शेखर, प्रिंसिपल राजीव सिंघल, प्रवीण कुमार ध्यानी ने दीप प्रज्ज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया।

## न्यूज डायरी

### स्कूल बस और यात्री बस की भिड़ंत

**(संवाददाता)** देहरादून। रामनगर–हल्द्वानी मार्ग पर बेलगड़ के पास सुबह सड़क हादसा हो गया। यहां स्कूल बस और यात्री बस की आमने सामने की जबरदस्त भिड़ंत हुई। हादसे में घायल यात्रियों को एम्बुलेंस की मदद से संयुक्त चिकित्सालय उपचार के लिए ले लाया गया, जहां सभी घायलों का उपचार किया गया। बताया जा रहा है स्कूल बस चालक की गलती से यह सड़क हादसा हुआ है। गनीमत यह रही कि स्कूल बस में बच्चे सवार नहीं थे। यह बस हिलवुड एकेडमी गेबुआ स्कूल की है।

### दोहरे हत्याकांड में छह माह से फरार चल रहा आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**(संवाददाता)** देहरादून। पुलिस ने नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत माता मंदिर रोड पर ब्यूटी पार्लर संचालिका कामना रोहिला और अजय वर्मा उर्फ रिंकू हत्याकांड में वांछित परवेज उर्फ वसरू को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार कर लिया है। कामना की हत्या की साजिश में पति समेत तीन लोग पहले ही जेल जा चुके थे। विवेचना के दौरान आरोपी परवेज के गैर जमानती वारंट के बाद कुर्की नोटिस जारी कराए गए। नेहरू कॉलोनी में 30 अगस्त 2019 को ब्यूटी पार्लर संचालिका की लूट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उसका पति अशोक उर्फ कपिल रोहिल्ला घायल हो गया था। पति अशोक ने हत्या में अपने बुआ के लड़के अजय उर्फ रिंकू का हाथ होने की संभावना जताई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद हत्या में कामना के पति अशोक रोहिला के अलावा सरधना निवासी उसके दोस्त गौरव उर्फ गोलू और दीपक को गिरफ्तार कर लिया था। इनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल और सीसीटीवी का डीवीआर बरामद कर लिया गया था। इस दौरान यह खुलासा हुआ था कि इन लोगों ने अजय वर्मा उर्फ रिंकू की पहले ही हत्या कर शव राजस्थान में फेंक दिया था।

### भारत में न्यू मिनी क्लबमैन इंडियन समर रेड एडिशन की पेशकश

**(संवाददाता)** देहरादून। अंदाज और वास्तविकता का शानदार मेलए न्यू मिनी क्लबमैन इंडियन समर रेड एडिशन की बुकिंग पर की जा सकती है। न्यू मिनी क्लबमैन इंडियन समर रेड एडिशन को आज भारत में पेश किया गया और 15 फरवरी 2020 से अमेजन.इन पर केवल 15 युनिटें बुकिंग के लिए उपलब्ध रहेंगी। न्यू मिनी क्लबमैन अभी तक निर्मित मिनी में निसंदेह सबसे खास और परिष्कृत है। इसका एक.एक इंच अनिवार्यत शहरी है। इसे विशुद्ध कारीगरी और कुशल कार्यशीलता के साथ बनाया गया है तथा इसमें मशहूर गो.कार्ट अहसास के साथ असली मिनी की शक्ति है।